आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 30 लखनऊ, सोमवार 14 नवम्बर 2022 से 20 नवम्बर 2022 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## दिसंबर से जी–२० की अध्यक्षता करेगा भारत, समिट में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को इंडोनेशिया जाएंगे प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। भारत एक दिसंबर २०२२ से जी–२० की अध्यक्षता करेगा। वहीं, जी–२० के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इंडोनेशिया के बाली रवाना होंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल इंडोनेशिया के बाली के लिए निकलेंगे और वहां होने जा रही १७वीं जी–२० शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके साथ हू उन्होंने कहा कि भारत १ दिसंबर से शुरू होने वाले एक वर्ष के लिए जी–२० की अध्यक्षता करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि हमारी ळ२० अध्यक्षता के दौरान, भारत, इंडोनेशिया और ब्राजील एक तिकड़ी होंगे। विदेश सचिव के मुताबिक जी–२० में यह पहली बार है कि इस तिकड़ी में विकासशील देश और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं शामिल होंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी १५ नवंबर को भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करेंगे और उनसे बातचीत करेंगे। जानकारी के मुताबिक नरेंद्र मोदी बाली में जी–२० शिखर सम्मेलन के तीन प्रमुख सत्र–– खाद्य और



ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन और स्वास्थ्य–– में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को इंडोनेशियाई शहर बाली के लिए रवाना होंगे, जहां यूक्रेन संघर्ष और इसके प्रभावों सहित वैश्विक चुनौतियों पर व्यापक विचार–विमर्श होने की उम्मीद है। मोदी और अन्य नेता वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, पर्यावरण, डिजिटल परिवर्तन जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी हिस्सा लेंगे। क्वात्रा ने कहा कि मोदी जी–२० के कुछ नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के निमंत्रण पर शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इंडोनेशिया जी–२० का वर्तमान अध्यक्ष है। भारत एक दिसंबर से औपचारिक रूप से जी–२० की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। जी–२० या २० देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर सरकारी मंच है

## मुख्यमंत्री का निर्देश, डेंगू से बचाव के लिए हर जिले में बनेंगे डेडिकेटेड अस्पताल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्य में डेंगू और अन्य संचारी रोगों की स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक में संबंधित अधिकारियों को डेंगू से बचाव के लिए हर जिले में (डेडिकेटेड) समर्पित अस्पताल स्थापित करने के लिये कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक बैठक में डेंगू व अन्य संचारी रोगों की स्थिति की समीक्षा करते हुए रोकथाम के लिए प्रयासों को और तेज करने के निर्देश दिए। एक सरकारी बयान के मुताबिक विगत कुछ सप्ताह के बीच डेंगू एवं अन्य संचारी रोगों के दुष्प्रभाव में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनकी बेहतर स्क्रीनिंग के लिए सर्विलांस को बेहतर करने की आवश्यकता है और लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान कराते हुए उनकी समुचित इलाज की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने कहा कि डेडिकेटेड कोविड अस्पताल की भांति डेडिकेटेड डेंगू अस्पताल भी शुरू किये जाएं, यहां चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता हो, जांच की सुविधा हो, उपचार की पर्याप्त व्यवस्था हो। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंत्री अपने–अपने क्षेत्र में बने रहें।



प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए अस्पताल में आने वाले हर मरीज को बिस्तर मिले, उसकी विधिवत चिकित्सीय जांच हो और समय पर इलाज किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि डेंगू मरीजों के लिए हर शासकीय अस्पताल में पृथक वार्ड बनाए गए हैं, स्थानीय जरूरतों के अनुसार इनकी संख्या बढ़ाई जाए। हर जिले में डेंगू परीक्षण और प्लेटलेट्स की जांच की सुविधा होनी चाहिए। नगर विकास व पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी साफ–सफाई व फॉगिंग का कार्य नियमित कराया जाए।

## यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन ने कहा- प्राथमिक विद्यालयों से बच्चों को योग और संस्ति की शिक्षा दी जाए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को यहां विद्या भारती के एक कार्यक्रम में कहा कि बच्चों को प्राइमरी स्कूल से ही योग शिक्षा,



संस्कृति का ज्ञान दिया जाना चाहिए। बच्चों के विकास के लिए उनको अच्छे संस्कार दिए जाने चाहिए। अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती द्वारा ज्वाला देवी इंटर कालेज परिसर में आयोजित संस्कृति महोत्सव को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा, "हर बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा होती है। इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी उनकी प्रतिभाओं को और निखारा जा सकता है।" उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति, इक्कीसवीं सदी के भारत की नींव तैयार करने वाली है। इस नीति की सबसे बड़ी विशेषता एक मजबूत अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देना है। आनंदीबेन ने कहा, "जब मैं गुजराज की शिक्षा मंत्री थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राथमिक स्कूलों से ही बच्चों को योग की शिक्षा देने को कहा। उस समय हमारे पास योग के प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी थी। हमने विद्या भारती से शिक्षकों को योग का प्रशिक्षण दिला कर योग की शिक्षा देनी शुरू की।" उन्होंने कहा, "बच्चों के भीतर जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण का ज्ञान भी देना आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ियों को हम एक बेहतर कल दे सकें। घर हो या पाठशाला हो, उतना ही पानी लीजिए जितनी जरूरत है। जल को बर्बाद मत करिए।" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्या भारती के राष्ट्रीय सह–संगठन मंत्री यतीन्द्र ने कहा, "विद्या भारती व्यक्ति निर्माण के क्षेत्र में काम करती है और शिक्षा का मूल उद्देश्य भी यही है। मनुष्य जन्म से मनुष्य नहीं होता। संसेंति उसे मनुष्य बनाती है।" उन्होंने कहा, "विद्या भारती ने प्रारंभ से कहा है कि हिंदुत्व ही शिक्षा का अधिष्ठान इस देश का हो सकता है। इसलिए भारतीय चिंतन के आधार पर धर्म, संसेंति, सभ्यता और दर्शन इस देश के नागरिक का निर्माण कर सकते हैं।" उन्होंने कहा कि दीन दयाल जी हमेशा कहा करते थे कि शिक्षा ज्ञान, संसेंति और चरित्र के संगम का महत्व बताती है।

## दिल्ली व एनसीआर में फिर भूकंप के झटके

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। एक हफ्ते में यह दूसरी बार है जब दिल्ली और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता ५.४ रही है। इस बार भी भूकंप का केंद्र नेपाल में ही रहा है। दिल्ली व एनसीआर में शाम में आए भूकंप के झटकों के बाद लोग घरों और ऊंची इमारतों से बाहर निकल आए। बार–बार भूकंप आने से लोगों में दहशत है। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी लोगों ने भूकंप के काफी तेज झटके महसूस किए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से




किए गए ट्विट के मुताबिक, भूकंप सात बज कर ५७ मिनट पर आया, भूकंप का केंद्र जमीन से १० किलोमीटर नीचे था। इससे पहले नौ नवंबर को भी दिल्ली व एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए थे। रात दो बजे के करीब आए भूकंप की तीव्रता ६.३ दर्ज की गई थी। इसका केंद्र नेपाल में था और यह चीन में भी महसूस किया गया।

## बीच सड़क पर शोहदे से भिड़ी शिक्षिका

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम में कई दिन से शिक्षिका बेटी को परेशान कर रहे युवक की हरकत का पिता ने विरोध किया। इस पर युवक ने पीड़िता के पिता को दौड़ाकर पीटा। इससे गुस्साई शिक्षिका ने डर छोड़ कर शोहदे से मोर्चा ले लिया। बीच सड़क पर वह शोहदे से भिड़ी रही। युवक के हमले से घायल होने पर भी उसने हिम्मत नहीं हारी। हाथापाई में पीड़िता के कपड़े भी फट गये। कई राहगीर मदद को दौड़े तो आरोपी भाग निकला। पीड़िता ने जानकीपुरम में केस दर्ज कराया। इसके बाद ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# सम्पादकीय

## असल में कितना लाभ होगा?

क्या सवर्ण जातियों (के गरीब तबकों) को भी आरक्षण मिलना चाहिए? क्या ऐसा करना संवैधानिक भावना के अनुरूप होगा? सुप्रीम कोर्ट के सामने वैसे तो कई प्रश्न और थे, लेकिन ये दो बुनियादी सवाल थे। कोर्ट के सामने मुद्दा इसलिए आया, क्योंकि साढ़े तीन साल पहले संसद ने इस आरक्षण का प्रावधान कर दिया था। संसद में जब ये मामला आया, तब वहां बंटी हुई राय सामने आई थी। समाज में इस सवाल पर राय बंटी रही है। राजनीतिक दलों को राय तो अक्सर चुनावी लाभ–हानि की गणना से तय होती है, लेकिन समाज में मौजूद मतभेद का आधार वैचारिक है। इस बारे में असहमति की खाई इतनी चौड़ी है कि इस पर अक्सर बहस तीव्र आक्रोश की हद तक पहुंच जाती है। यही असहमति सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ में ही देखने को मिली है। तीन जजों ने इस आरक्षण को उचित ठहराया, तो दो जजों की राय रही कि ऐसा करना असंवैधानिक है। दो जज तो लगभग यह कहने की हद तक गए कि अब आरक्षण की जरूरत ही नहीं है। चूंकि निर्णय बहुमत से हुआ, इसलिए फिलहाल इस मुद्दे से जुड़े कानूनी मसलों का निपटारा भले हो गया हो, लेकिन इसको लेकर समाज में राय पहले जितनी ही बंटी रहेगी। एक मुद्दा यह भी उठा था कि अगर आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए अलग से १० प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था हो रही है, तो क्या उसका लाभ सभी जातियों के गरीबों को नहीं मिलना चाहिए? केंद्र सरकार ने प्रावधान किया था कि ये आरक्षण सिर्फ उन जातियों को मिलेगा, जिन्हें ये लाभ पहले से मौजूद आरक्षण में नहीं मिला हुआ है– यानी यह आरक्षण खास तौर पर सवर्णों के लिए है। सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से इस प्रावधान को भी सही ठहरा दिया है। मगर इस निर्णय से इस महत्त्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर नहीं मिला है कि आरक्षण सामाजिक–शैक्षिक पिछड़े लोगों को प्रतिनिधित्व देने लिए अपनाया गया था, यह गरीबी हटाओ कार्यक्रम है? अगर यह गरीबी हटाओ कार्यक्रम है, तो मौजूद आर्थिक नीतियों के बीच इससे आखिर सवर्णों को भी असल में कितना लाभ होगा?

## जयंत चौधरी के दबाव से उपचुनाव

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी के दबाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की खतौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा हुई है। असल में इस सीट से भाजपा के विधायक विक्रम सैनी के खिलाफ मुजफ्फरनगर दंगों के उनके बार बार सवाल उठाने के बावजूद स्पीकर ने विक्रम सैनी की खतौली सीट खाली नहीं घोषित। तभी पांच नवंबर को चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश की रामपुर विधानसभा सीट और मुलायम सिंह के निधन से खाली हुई मैनपुरी



मामले में ११ अक्टूबर को फैसला आया था और उनको दो साल की सजा हुई थी। लेकिन न तो उनकी सदस्यता खत्म हुई थी और न उनकी सीट खाली घोषित की गई थी। इसके उलट सपा के नेता आजम खान के खिलाफ २७ अक्टूबर को फैसला आया और २८ अक्टूबर को विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी रामपुर सीट खाली घोषित कर दी। उसी समय जयंत चौधरी ने यह सवाल उठाया कि विक्रम सैनी की सीट क्यों नहीं खाली घोषित की जा रही है। लोकसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा की। इसके बाद जयंत चौधरी और अन्य नेताओं के ट्विट और विरोध जताने पर विवाद बढ़ा और एक दिन बाद स्पीकर ने सीट खाली घोषित की तो आनन–फानन में चुनाव आयोग ने सात नवंबर को खतौली में भी उपचुनाव की घोषणा की। अब जयंत चौधरी उम्मीद कर रहे हैं कि समाजवादी पार्टी के गठबंधन फिर खतौली सीट उनको मिलेगी। उनकी पार्टी ने चुनाव की तैयारी भी शुरू कर दी है।

# UP में धार्मिक गंगा के साथ अब आर्थिक गंगा बहाने के लिए CM Yogi करेंगे अमेरिका-ब्रिटेन का दौरा


लखनऊ। उत्तर प्रदेश में धार्मिक गंगा के साथ अब आर्थिक गंगा बहाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ २० देशों की यात्री करने जा रहे हैं। सीएम योगी निवेश के लिए कारोबारियों से मुलाकात करेंगे और उन्हें यूपी में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस मिशन में उनके मंत्री भी उनका साथ देंगे। सीएम योगी की इस यात्रा का उद्देश्य अगले साल होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के साथ ही प्रदेश में पूंजी निवेश लाना है। सीएम योगी यूपी में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अपने १६ मंत्रियों के साथ २० देशों की यात्रा पर निकलेंगे। इस दौरान कई चरणों में २६ अंतर्राष्ट्रीय शहरों का दौरा करेंगे। इस प्लान के अन्तर्गत योगी सरकार ने प्रदेश में



१० लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने का लक्ष्य रखा है। इसी के साथ वैश्विक स्तर पर यूपी की ब्रांडिंग भी की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी और कैबिनेट मंत्रियों का विदेश दौरा १८ नवंबर से २० दिसंबर तक चलेगा। जिसके लिए हर समूह में दो मंत्री होंगे। इस दौरान ये समूह अलग–अलग अंतर्राष्ट्रीय शहरों में निवेशकों से मुलाकात करेंगे और यूपी में निवेश की संभावनाओं से उनको अवगत कराएंगे। प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ अमेरिका और ब्रिटेन की यात्रा करेंगे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या पेरिस और बृजेश पाठक ब्राजील की यात्रा पर निकलेंगे।, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एक से ५ दिसंबर तक दुबई और आबूधाबी में की यात्रा पर रहेंगे।

## बृजेश पाठक ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पसमांदा मुसलमानों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है

लखनऊ। रामपुर सदर विधानसभा सीट पर पांच दिसंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार जहां अपनी योजनाओं के माध्यम से पसमांदा मुसलमानों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है, वहीं अन्य राजनीतिक दलों ने समुदाय का इस्तेमाल सिर्फ वोट के लिए किया है। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की यह सीट समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद खाली हुई है। खान को नफरती भाषण के मामले में तीन साल के कारावास की सजा सुनाए जाने बाद विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया था। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा रामपुर के गांधी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और राज्य मंत्री बलदेव ओलक सहित अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पसमांदा मुस्लिम समुदाय से जुड़े लाभार्थियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''आजादी के बाद जो सम्मान आपको मिलना चाहिए था, वह सम्मान आपको नहीं मिल पाया। आप के सम्मान की किसी ने चिंता की तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने की। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज में जो दलित मुस्लिम हैं, पिछड़े हैं, वंचित हैं, उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाना होगा।'' पाठक ने कहा कि मोदी जी ने फैसला किया है



कि वह उनके (पसमांदा मुसलमानों) के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिये काम करेंगे। सपा के दिग्गज नेता आजम खान ने २०२२ के विधानसभा चुनाव में सीतापुर जेल में रहते हुए रिकार्ड दसवीं बार रामपुर सीट से चुनाव जीता था। इसके बाद उन्होंने रामपुर संसदीय सीट छोड़ दी थी, जो उन्होंने २०१६ में जीती थी। पाठक ने कहा, ''कुछ लोगों ने आपके वोट हासिल करने के लिये हिंदुओं और मुसलमानों के बीच खाई पैदा की। मोदीजी और भाजपा का एक भी फैसला नहीं है, जिसमें पसमांदा समुदाय के भाइयों और बहनों को शामिल नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर योजना का लाभ आपको देने के लिये काम किया है।'' उन्होंने कहा, '' दूसरी तरफ विपक्षी दल चाहे कांग्रेस पार्टी हो, समाजवादी पार्टी हो, या बहुजन समाज पार्टी हो सब हिंदू–मुस्लिम करके वोट हासिल करते रहे, लेकिन आपके हक के लिए कुछ नहीं किया।'' पाठक ने आजम खान का नाम लिए बगैर कहा, ''बड़े मियां ने कहा कि आपने उनका हुक्का भरा है–––आपने उन लोगों की सेवा की जिन्होंने आपका खून चूसा। मैं अपने कुरैशी, अंसारी, धोबी, चिड़िमार, मनिहार समुदाय के भाइयों से कहना चाहता हूं कि आप बड़े मियां से कह दें कि पसमांदा समाज के मुस्लिम भाई अब आपका हुक्का नहीं भरेंगे।'' पसमांदा समुदाय में ४१ जातियां आती हैं, जिनमें अंसारी, कुरैशी, मंसूरी, सलमानी आदि शामिल हैं और ये बूचड़खाने और बुनाई जैसे पेशे में लगे हैं। इन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक लिहाज से अति पिछड़ा समझा जाता है। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने अपने भाषण में आजम खान का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते कहा कि राजनीति में गर्व का कोई स्थान नहीं होता। अपनी ताकत का जिन्हें गुरूर है, उनकी स्थिति सबके सामने है।

## मुख्यमंत्री की समीक्षा के बाद डेंगू को लेकर अलग-अलग विभाग अलर्ट

लखनऊ। यूपी में डेंगू का खतरा बरकरार है, ऐसे में एक दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक बुलाई तो अलग–अलग विभाग के मंत्री और अधिकारी भी अलर्ट हो गये हैं। इसी क्रम में राजधानी सहित प्रदेश भर के सरकारी व निजी विद्यालयों को लेकर भी माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने अहम दिशा निर्देश जारी किए हैं। वहीं सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को आदेश भी जारी किया है। निदेशक (माध्यमिक) डॉ महेन्द्र देव ने प्रदेश में डेंगू एवं चिकनगुनिया के बढ़ते प्रकोप से बचाव के उपाय किये जाने के सम्बन्ध में सभी मण्डलों के मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक तथा समस्त जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षकों दिशा–निर्देश जारी किये है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने बताया कि मौजूदा समय में डेंगू और चिकन गुनिया को देखते हुए स्कूलों में जागरुकता अभियान चलाया जाना जरूरी है, इसलिए विद्यालयों में साफ–सफाई की व्यवस्था के साथ–साथ बच्चों में जागरुकता फैलाने के भी आदेश दिए गये हैं। उन्होंने बताया विद्यालय के आस–पास गंदगी न रहे इसके लिए नगर–निगम और नगर महापालिका से भी संपर्क करने का निर्देश है। लोगों में भी जागरुकता फैलाने की जिम्मेदारी विद्यालयों की तय की गई है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता रैली विशेष तौर पर निकालने का आदेश है।

# साढ़े तीन घंटे में दो भूकंप के झटकों से कांपी धरती, नेपाल था भूकंप का केंद्र

लखनऊ। राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिले शनिवार देर शाम फिर से भूकंप के दो झटकों से कांप उठे। भूकंप का पहला झटका शाम ४:२५ तथा दूसरा शाम ७:५७ बजे महसूस किया गया। हालांकि भूकंप के इन झटकों से अबतक जान–माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार शाम ४:२५: २८ सेकेंड पर भूकंप का पहला झटका महसूस किया गया। भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर ३.४ मैग्नीट्यूड मापी गई। इसका केंद्र उत्तराखंड के पौढ़ी गढ़वाल में जमीन से पांच किलोमीटर अंदर रहा। भूकंप का पहला झटका




मुजफ्फर नगर, मेरठ, अमरोहा व मुरादाबाद के कुछ हिस्सों में महसूस किया गया।वहीं दूसरा झटका रात ७:५७ :०६ सेकेंड पर आया। इसकी तीव्रता रिएक्टर स्केल पर ५.४ मैग्नीट्यूड मापी गई। इसका केंद्र नेपाल में भूतल से १० किमी गहराई में रहा। इसके कारण मुजफ्फर नगर, मेरठ, अमरोहा, बुलंदशहर, बरेली, पीलीभीत, सम्भल, अलीगढ़, कासगंज, एटा, मैनपुरी, सुल्तानपुर, लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, कानपुर, लखनऊ, रायबरेली, बहराइच व आगरा के महसूस किया गया। विदित हो कि इससे पूर्व गत ६ नवंबर को भी भारत–नेपाल बॉर्डर पर उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में एक ही दिन में एक के बाद एक चार भूकंप आये थे। जिनमें रात १:५७: २४ सेकेंड पर ६.३ मैग्नीट्यूड का भयावह भूकंप आया था।

# अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया जाये तरणताल का निर्माण: नवनीत सहगल

लखनऊ। पुरातत्व विभाग की ओर से लगाई गई रोक हटने के बाद केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल के जीर्णोद्धार का रास्ता साफ हो गया है। अब तरणताल के काम को तेजी से पूरा किया जा रहा है लेकिन इस तरणताल को अब इस स्तर का बनाया जायेगा कि यहां पर खेलों इंडिया के तहत आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सके। इसके लिए इसका निर्माण विशेषज्ञों की देखरेख में कराया जाएगा। यह निर्देश अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने दिये। रविवार को वह केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित तरणताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि तरण ताल के निर्माण संबंधी सभी मामलों में स्वींति एक हफ्ते के अंदर ले ली जाये। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव खेल ने खुद मौरंग और सीमेंट के अनुपात की गहन जांच की। उन्होंने यूपीआरएनएन के परियोजना प्रबंधक को मौरंग और सीमेंट के अनुपात में किसी प्रकार



की लापरवाही न किये जाने के लिए आगाह किया। साथ ही तरणताल के सामने दोनों पार्कों का सौंदर्यीकरण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने तरणताल के प्रवेश द्वार के ऊपर दर्शक दीर्घा निर्माण करने को कहा। स्टील स्ट्रक्चर के निर्माण के लिए तुरंत विशेषज्ञों को बुलाकर शेड का निर्माण कराये जाने को कहा जिससे यहां पर खेलो इंडिया की देखरेख में विश्वविद्यालय खेलों की स्पर्धाओं को आयोजन किया जा सके। इस मौके पर मौजूद लक्ष्मण अवार्डी अंतरराष्ट्रीय तैराक उमेश प्रसाद ने बताया कि डाइविंग बोर्ड पर जाने के लिए कैप्सूल लिफ्ट का निर्माण कराया जाये और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता कराये जाने के लिए इलेक्ट्रानिक टचपैड भी लगाया जाये। उमेश प्रसाद ने यह भी सुझाव दिया कि टाइल्स लगाने में सावधानी बरती जाये ताकि डाईविंग बोर्ड की ऊंचाई प्रभावित न हों। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी, यूपीआरएनएन के परियोजना प्रबंधक राजमणि, सहायक अभियंता सोहन लाल और पूर्व अंतरराष्ट्रीय तैराक उमेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी कर ५० लाख रुपये फिरौती मांगने का आरोप में पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के बेटे पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। राजधानी के आशियाना कोतवाली में पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के बेटे अनुराग प्रजापति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। ये मुकदमा अभिषेक यादव नाम के युवक ने दर्ज कराया है, जिसमें आरोप है कि अनुराग ने साथियों की मदद से युवक के करीब ३५ लाख रुपये हड़प लिए। साथ ही घर में घुसकर ५० लाख रुपये की फिरौती देने का दबाव बनाया। इस मामले में आशियाना कोतवाली में धोखाध ड़ी और फिरौती मांगने का मुकदमा दर्ज किया गया है। राजधानी के आशियाना मानस नगर निवासी अभिषेक यादव के मुताबिक एक मार्च २०२१ में उसने अनुराग प्रजापति के एनीटाइम जिम को ज्वाइन किया था। जहां उन्हें एमडी के पर नियुक्ति दी गई थी। जिसके लिए एक लाख २५ हजार रुपये का वेतन दिया जाना तय हुआ था। एग्रीमेंट के मुताबिक जिम शुरु होने के बाद दस प्रतिशत मुनाफा भी अभिषेक को मिलना था। पीड़ित के मुताबिक जिम शुरू करने के लिए मशीनें मंगाई गई थीं। जिसका भुगतान करीब ११ लाख रुपये अभिषेक से कराया गया था। अनुराग ने भरोसा दिया था कि जल्द ही मशीनों के लिए दिए गए रुपये लौटा दिए जाएंगे। पीड़ित के अनुसार कोरोना महामारी के कारण जिम संचालन पर रोक लगाई गई थी। ऐसे में अनुराग ने दोबारा जिम शुरू होने पर वेतन के साथ बाकी रुपये देने का भरोसा दिया था। अभिषेक के अनुसार जिम दोबारा खुलने के बाद भी उन्हें वेतन नहीं दिया गया। आरोपी टाल मटोल करता रहा। परेशान होकर रुपये मांगने पर उसे धमकी दी गई। इस दौरान करीब २४ लाख रुपये वेतन और ११ लाख रुपये मशीनों के बाकी थे। अभिषेक के मुताबिक १२ अगस्त २०२२ को अनुराग ने उसे फोन कर मिलने के लिए आशियाना स्थित पिनेकल होटल में बुलाया। जहां आरोपी के साथ अभिषेक मिश्रा, विजय सिह और अवनीश के साथ मौजूद था। कमरे में पहुंचते ही आरोपियों ने अभिषेक से उसकी कार की चाभी छीन ली। उसे धमकी देते हुए भाग दिया गया। १५ अगस्त को आरोपी दोबारा से असलहे लेकर अभिषेक यादव के घर पहुंचे। जहां उनकी कनपटी पर पिस्टल रख कर ५० लाख रुपये की फिरौती देने के लिए कहा। इस घटना से परेशान होकर पीड़ित ने आशियाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

# तीन दिनों तक शहर में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का दौरा

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार की शाम अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय दौरे पर वह महानगर विस्तार स्थित बी–४६ पार्क में आवासीय कल्याण समिति व स्थानीय लोगों से संवाद करेंगे। मंगलवार को ३रू३० ऐशबाग वार्ड, सुदर्शन पुरी बस्ती में धानुक समाज के साथ संवाद करेंगे। इसके उपरांत सायं ४:३० बजे क्षत्रीय लन राजाजीपुरम में राजाजीपुरम आवासीय कल्याण समिति से भेंट कर संवाद करेंगे। जनसंवाद कार्यक्रम के बाद सायं ५:३० बजे दिलकुशा आवास के लिए रवाना होंगे। रात्रि ८:३० यहियागंज गुरुद्वारा जाकर मत्था टेकेंगे। गुरुद्वारे से दिलकुशा आवास जाएंगे। बुधवार १६ नवंबर को प्रातः ११:३० बजे पर कन्हैया माधवपुर वार्ड के अंतर्गत भुवर गांव में स्थानीय लोगों से भेंट कर संवाद करेंगे। अपराह्न १२:३० बजे



आलमनगर सैटेलाइट रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और वहां चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। स्टेशन निरीक्षण के बाद केसरी खेड़ा वार्ड अध्यक्ष जयवीर सिंह पाल के अस्वस्थ होने पर आवास जाकर हाल जानेंगे और वहां से सीधे एयरपोर्ट प्रस्थान करेंगे और दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# इस बार बढ़ सकते हैं चार हजार से अधिक वार्ड

लखनऊ। निकाय चुनावों को लेकर वार्ड आरक्षण का काम अंतिम दौर में है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा के सामने इसका प्रारंभिक प्रस्तुतीकरण भी हो चुका है। पिछली बार की अपेक्षा इस बार प्रदेश के सभी नगर निकायों में ४ हजार से अधिक वार्ड बढ़ने की सूचना मिल रही है। नए निकायों में १० से १५ वार्ड बनाए गए हैं। विस्तारित होने वाले निकायों में दो से चार वार्ड बढ़ाए गए हैं। राज्य सरकार निकाय चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों अंतिम रूप दे रही है। रैपिड सर्वे के आधार पर वार्डों के आरक्षण निर्धारित किए जा रहे हैं। ५० से अधिक जिलों से मिले वार्ड आरक्षण के प्रस्ताव का परीक्षण करते हुए इसे लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। चरणबद्ध तरीके से वार्डों के आरक्षण की अनंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी। इस पर आपत्तियों के लिए सात दिन का समय दिया जाएगा। इसके बाद इसकी अंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी। नगर विकास विभाग सबसे पहले २०० पालिका परिषद और ५४६ नगर पंचायतों के अध्यक्ष की सीटों के आरक्षण की अधिसूचना जारी करेगा। इनके आरक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीटों का आरक्षण चक्रानुक्रम व्यवस्था के आधार पर किया जा रहा है। ऐसे में अधिकतर सीटों के आरक्षण में बदलाव होने की संभावना जताई जा रही है। सीमा विस्तार या जातियों की गणना में अधिक अंतर न होने से कुछ सीटों का वही आरक्षण भी रहा सकता है। नगर विकास मंत्री को इसकी प्रारंभिक जानकारी दे दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष जल्द ही इसको लेकर बैठक होने वाली है। इसके आधार पर सीटों के आरक्षण को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# नमस्ते इंडिया के डीलर को गोली मारकर लूटने वाले दो गिरफ्तार

लखनऊ। पारा के आदर्श विहार कॉलोनी में गोली मारकर नमस्ते इंडिया कंपनी के दूध के डीलर से रुपयों से भरा बैग लूटने वाले दो और लुटेरों को पुलिस ने शनिवार



को पारा के ही मौदा मोड़ पर भरोसा गांव के समीप गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त दीपक सिंह (२८) व अमर (२०) पारा के न्यू कांशीराम कॉलोनी के निवासी हैं। मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों हारुन और रंजीत को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार लूटे गए बैग में कुल ४० हजार रुपये थे। विदित हो कि आदर्श विहार कॉलोनी निवासी कुलदीप मिश्रा नमस्ते इंडिया दूध के डीलर हैं। गत १३ अक्टूबर को जब कुलदीप दूध के बिल का पैसा कलेक्शन कर घर लौट रहा था, तो दोपहर १:४५ बजे आदर्श विहार कलोनी में ही बिना नंबर की बाइक पर सवार दो युवकों ने कुलदीप पर फायरिंग कर पैसों से भरा बैग लूट लिया और फरार हो गए थे। गोली कुलदीप के कंधे पर लगी थी और वह बाल–बाल बच गया।

# भारत दुनिया की उम्मीदों का केंद्र बिंदु बन गया है : पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया की उम्मीदों का केन्द्र बिन्दु बन गया है क्योंकि ''हम विकास की नयी गाथा लिख रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''ऐसे में, जब कई देश संघर्ष कर रहे हैं, दुनिया बहुत उत्सुकता से हमारी ओर देख रही है। कुछ देश आवश्यक वस्तुओं की कमी का, तो कुछ देश ऊर्जा संकट का सामना कर रहे हैं। लगभग हर देश अपनी अस्थिर अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित है।'' आंध्र विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कलेज मैदान से बुनियादी ढांचा विकास की विभिन्न योजनाओं की शुरूआत करने के बाद मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में निराशा के माहौल के बीच भारत प्रत्येक क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा, ''यह इसलिए संभव हुआ है कि भारत अपने नागरिकों की उम्मीदों और जरूरतों को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए काम कर रहा है। हमारी प्रत्येक नीति, प्रत्येक फैसले का लक्ष्य आम आदमी के जीवन को बेहतर बनाना है।'' मोदी ने कहा, ''आजादी के अमृत काल' में देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।'' उन्होंने कहा, ''विकास की यह यात्रा बहुआयामी है। इसमें आम आदमी के जीवन की जरूरतें भी जुड़ी हुई हैं तथा बेहतर और आधुनिक बुनियादी ढांचा का निर्माण भी शामिल है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे पर अलग–अलग विचारों के चलते देश को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने समन्वित विचार को महत्व देने का नया रुख अपनाया है। उन्होंने कहा, ''समन्वित विचार के साथ बुनियादी ढांचे का विकास पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय कार्य योजना के जरिये संभव हुआ है। इसने न केवल विकास को गति दी है, बल्कि परियोजनाओं की लागत भी घटा दी है।'' मोदी ने



कहा, ''बुनियादी ढांचे को लेकर हम कभी इन सवालों में नहीं उलझे कि हमें रेलवे का विकास करना है या सड़क परिवहन का, बंदरगाह का विकास करना है या राजमार्ग का।'' उन्होंने कहा, ''बुनियादी ढांचे के इस एकाकी ष्टिकोण से देश को भारी नुकसान उठाना पड़ा, इससे आपूर्ति श्रृंखला पर असर पड़ा और माल ढुलाई का खर्च बढ़ गया।'' उन्होंने कहा, ''हमने विकास के समावेशी ष्टिकोण को महत्व दिया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''गरीबों के कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। देश के करोड़ों गरीबों को पिछले ढाई साल से मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, पिछले साढ़े तीन साल से पीएम किसान योजना के जरिए किसानों के बैंक खाते में हर वर्ष सीधे ६,००० रुपये भेजे जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''इसी तरह, सनराइज सेक्टर (नये उद्योगों) से जुड़ी हमारी नीति से युवाओं के लिए नये अवसर सृजित हो रहे हैं। ड्रोन से लेकर गेमिंग तक, अंतरिक्ष से लेकर स्टार्टअप तक हर क्षेत्र को हमारी नीतियों की वजह से आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है।'' उन्होंने कहा, ''जब लक्ष्य सप्ष्ट होते हैं तो आकाश की ऊचाइयां हों, या समुद्र की गहराइयां, हम अवसर तलाश लेते हैं और उसे तराश भी लेते हैं। आज आंध्र प्रदेश में आधुनिक तकनीक के जरिए समुद्री ऊर्जा का दोहन करने की शुरूआत इसका एक बड़ा उदाहरण है।'' मोदी ने कहा, ''आज देश 'नीली अर्थव्यवस्था' (समुद्री अर्थव्यवस्था) से जुड़ी अनंत संभावनाओं को साकार करने के लिए भी बड़े स्तर पर प्रयास कर रहा है। नीली अर्थव्यवस्था पहली बार देश की इतनी बड़ी प्राथमिकता बनी है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश के लोगों के हितों को हमेशा प्राथमिकता देने के लिए राज्यपाल विश्वभूषण हरीचंदन, मुख्यमंत्री वाई. एस. जगनमोहन रेड्डी और केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू का भी विशेष रूप से उल्लेख किया।

# नीतीश ने कहा कि राष्ट्रपति पर इस तरह की टिप्पणी करने का अधिकार किसी को नहीं है


पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने द्रौपदी मुर्मू के बारे में पश्चिम बंगाल के मंत्री की असंसदीय टिप्पणी की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि किसी को भी राष्ट्रपति पर इस तरह की टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। कुमार ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा, '' यह गलत है। यह तो आश्चर्य की बात है, कैसे कोई ऐसा बोल सकता है। राष्ट्रपति पर कुछ भी बोलना उचित नहीं है।'' मुख्यमंत्री पटना के नेहरू पथ स्थित पुनाईचक के समीप नवनिर्मित नेहरू पार्क में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री दिवंगत पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुनर्स्थापित प्रतिमा का अनावरण करने और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पश्चिम बंगाल के



मंत्री अखिल गिरि ने बृहस्पतिवार को कहा था, ''हम किसी को उनकी उपस्थिति से नहीं आंकते हैं। हम राष्ट्रपति के कार्यालय का सम्मान करते हैं, लेकिन हमारे राष्ट्रपति कैसे दिखते हैं।'' गिरि की टिप्पणी के बाद व्यापक आलोचना होने पर मंत्री ने इस तरह की टिप्पणी के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, ''माननीय राष्ट्रपति का अपमान करने का मेरा इरादा नहीं था। भाजपा नेताओं ने मुझ पर मौखिक रूप से हमला करते हुए जो कहा, उसका मैं जवाब दे रहा था। मैं कैसा दिखता हूं इसे लेकर मुझपर हर दिन मौखिक रूप से हमला किया जाता है। अगर कोई सोचता है कि मैंने राष्ट्रपति का अपमान किया है, तो यह गलत है। मैं इस तरह की टिप्पणी करने के लिए माफी मांगता हूं। मेरे मन में अपने देश के राष्ट्रपति के लिए बहुत सम्मान है।

# रिश्वत के आरोप में दो कांस्टेबल समेत टीएसआई निलंबित

लखनऊ। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में एक व्यस्त अंडरपास पर ट्रक ड्राइवर से कथित तौर पर रिश्वत मांगने के आरोप में एक यातायात उप निरीक्षक (टीएसआई) और दो कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया। पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक, संयुक्त पुलिस आयुक्त पीयूष मोरडिया ने शनिवार की रात अभिमन्यु अंडरपास पर एक ट्रक को खड़ा देखा और इसके ड्राइवर के बारे में पता किया। बयान के मुताबिक, टीएसआई राजू भास्कर और दो कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह और अंकुर ड्राइवर को एक ओर ले गए। ड्राइवर ने शिकायत की कि तीनों उससे रिश्वत मांग



रहे थे। इस आरोप पर कार्रवाई करते हुए मोरडिया ने टीएसआई और दो कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। इनके खिलाफ विभागीय जांच का भी आदेश दिया गया है।

# सपा–रालोद मिलकर लड़ेंगे उपचुनाव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव राष्ट्रीय लोकदल के साथ मिलकर लड़ेगी । समाजवादी पार्टी ने बुधवार को एक ट्वीट कर कहा,'उत्तरप्रदेश में होने वाले आगामी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल मिलकर चुनाव लड़ेंगे। मैनपुरी लोकसभा और रामपुर विधानसभा सीट पर सपा प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे और खतौली विधानसभा सीट पर रालोद का प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा।' मैनपुरी लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण रिक्त हुई थी जबकि रामपुर विधानसभा सीट सपा नेता आजम खान की सदस्यता रद्द होने और खतौली विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी विधायक विक्रम सैनी की सदस्यता रद्द होने के कारण खाली हुई हैं। आजम और सैनी की सदस्यता अदालत से सजा होने के बाद रद्द की गयी है। इन सीटों पर उपचुनाव पांच दिसंबर को होगा।

# यजदान बिल्डर की बहुमंजिला इमारत पर चला बुलडोजर

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एलडीए ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां के नामी यजदान बिल्डर की एक बहुमंजिला इमारत पर बुलडोजर चला है। राजधानी के प्रयाग नारायण रोड स्थित इस इमारत के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया रविवार को अमल में लाई गयी। इमारत की बाउंड्रीवाल गिरा दी गई है सामने व पीछे का हिस्सा गिरा दिया गया है और छत पर छेद कर दिया गया है। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स आस–पास तैनात रही। मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार रात को ही पुलिस फोर्स वहां पहुंच गई थी और बिल्डिंग को खाली करा लिया गया था। इमारत में रहने वाले लोग काफी परेशान हैं, उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वे अपने परिवार को लेकर कहां जाएं। बताते चलें कि यजदान बिल्डर के कई प्रोजेक्ट पर पहले भी प्राधिकरण कार्रवाई कर चुका है। राजधानी के वीवीआईपी इलाकों के बीच में स्थित बालू अड्डा कलोनी में एक अवैध अपार्टमेंट पर एलडीए का बुलडोजर चला था। अपार्टमेंट यजदान बिल्डर द्वारा ही बनाया गया था। इसे बिना नक्शा पास कराए प्राधिकरण के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी जमीन पर बनाया गया था।

# चोरों से साठ–गांठ पुलिस पर भारी, चौकी इंचार्ज सहित छह निलंबित

बाराबंकी। बाराबंकी जिले के जहांगीराबाद क्षेत्र में चोरों से साठ–गांठ कर एक बंद रसायन कारखाना में चोरी करवाने और अवैध रूप से शराब का कारोबार संचालित कराने के आरोप में एक चौकी प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मियों को निलम्बित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू की गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण ने मंगलवार को बताया कि जहांगीराबाद पुलिस ने सोमवार को शराब के अवैध कारोबार के मामले में छह लोगों को पकड़ा था। नारायण ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि उन्हीं लोगों ने जहांगीराबाद क्षेत्र में एक बंद रसायन कारखाना में कबाड़ की चोरी की थी। इस कारखाने को २०१४ में शेयर (हिस्सेदारी) के विवाद को लेकर सेबी ने सील की थी। उन्होंने बताया कि घटना का खुलासा होने पर इसमें पुलिस की भूमिका संदिग्ध पायी गयी जिसकी पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स ने जांच करायी। उन्होंने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा की गई जांच में दो दारोगा समेत छह पुलिसकर्मियों की चोरों से सांठ–गांठ होने और चोरी का सामान बेचवाने में भी पुलिसकर्मियों की संलिप्तता की बात सामने आयी। नारायण ने बताया कि जांच के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने शहर कोतवाली के सोमैया नगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार राना, जहांगीराबाद थाने के दारोगा धर्मेंद्र कुमार शुक्ला, शहर कोतवाली के सिपाही राहुल सिंह, यूपी–११२ में तैनात सिपाही अभय यादव, जहांगीराबाद थाने के सिपाही आशीष और राजकुमार को निलम्बित कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी नवीन सिंह ने बताया कि पुलिसकर्मियों के साथ इसमें शामिल होमगार्ड के जवान बसंत यादव के विरुद्ध कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक ने जिला कमांडेंट को रिपोर्ट भेजी है। अधिकारी ने बताया कि जांच के आधार पर आरोपी पुलिसकर्मियों को निलम्बित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# मोदी ने 'परिवारवादी राजनीति' को लेकर टीआरएस पर निशाना साधा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना में सत्तारूढ़ टीआरएस पर 'परिवारवादी राजनीति' को लेकर शनिवार को निशाना साधा और कहा कि राज्य को एक ऐसी सरकार की जरूरत है जो सभी परिवारों के वास्ते काम करे, न कि केवल एक परिवार के लिए। विरोधियों द्वारा की जाने वाली उनकी आलोचना पर मोदी ने कहा कि उन्हें हर रोज मिलने वाली "२.५–३ किलोग्राम" गालियां लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित करती हैं, क्योंकि ऐसे शब्द उनके लिए "न्यूट्रीशन" (पोषाहार) की तरह हैं, जो तीखी टिप्पणियों को सकारात्मक ऊर्जा में बदल देते हैं। मोदी ने यहां एक जनसभा में कहा, "राजनीति में एजेंडा सेवा–उन्मुख होना चाहिए। लेकिन तेलंगाना में जनादेश पाने वालों का पूरा ध्यान मोदी को गाली देने में है। कभी–कभी लोग मुझसे पूछते हैं, मोदी जी, क्या आप थकते नहीं हैं? कल मैं सुबह में दिल्ली में था, फिर कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और अब तेलंगाना में। लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या मैं थकता नहीं हूं।" प्रधानमंत्री ने कहा, "तब मैं उनसे कहता हूं कि मैं रोज २.५–३ किलोग्राम गाली खाता हूं। परमात्मा ने मुझे इस तरह से बनाया है कि ये सारी गालियां मेरे अंदर प्रोसेस होकर न्यूट्रीशन (पोषाहार) में बदल जाती हैं। यह सकारात्मक ऊर्जा बन जाती है, जिससे लोगों की सेवा करने में मदद मिलती है।" उन्होंने कहा कि कुछ लोग निराशा और हताशा के कारण, सुबह–शाम उन्हें गालियां देते हैं, लेकिन इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि वे इस तरह की अपमानजनक से चिंतित न हों, क्योंकिउन्होंने कहा, "इसकी चिंता मत करो। पिछले २२ सालों से मुझे तरह–तरह के अपशब्दों का सामना करना पड़ रहा है। इन गालियों को लेकर हंसी मजाक कीजिये। शाम को एक बढ़िया चाय पीजिये। अगले दिन सुबह कमल खिलने वाला है, इसी खुशी में आगे बढ़ते रहिये।" मोदी ने कहा, "आप मोदी को कितनी भी गालियां दीजिए हम हजम कर जाएंगे। आप भाजपा को गाली दीजिए, हमें कोई समस्या नहीं है। हम ऐसे ही आगे बढ़ते रहेंगे। लेकिन अगर तेलंगाना के लोगों को गाली दी, तो लेने के देने पड़ जायेंगे।" प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी पर लोगों को सबसे अधिक भरोसा है, उसने उनके साथ कथित तौर पर विश्वासघात किया है। राज्य के दौरे पर आने के तुरंत बाद यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पर एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, "तेलंगाना के नाम पर जो लोग फले–फूले, आगे बढ़े, सत्ता पायी, वे खुद तो आगे बढ़ गए, लेकिन तेलंगाना को पीछे ध केल दिया। तेलंगाना का जो सामर्थ्य है, तेलंगाना के लोगों की जो प्रतिभा है, उसके साथ यहां की सरकार, यहां के नेता लगातार नाइंसाफी करते रहते हैं।" उन्होंने कहा, "जब अंधेरा बहुत बढ़ जाता



है, चारों ओर घना अंधेरा हो जाता है, उसी परिस्थिति में 'कमल' (भाजपा का चुनाव चिह्न) का खिलना शुरू हो जाता है। और भोर से ठीक पहले, आज तेलंगाना में भी ऐसे ही कमल खिलता नजर आ रहा है। तेलंगाना में अंधेरा छंटने की शुरुआत हो गई है।" हाल में हुए उपचुनाव में भाजपा के प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में टीआरएस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी तेलंगाना सरकार को एक विधानसभा क्षेत्र (मुनुगोड़े) में ला खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि लोगों का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। मोदी ने पिछले दो वर्षों के दौरान दुब्बाक और हुजुराबाद विधानसभा सीट पर उपचुनावों में भाजपा की सफलता का जिक्र करते हुए कहा, "हाल के दिनों में, जो भी उपचुनाव हुए थे, संदेश स्पष्ट है कि तेलंगाना में सूर्योदय दूर नहीं है। अंधेरा मिट जाएगा। तेलंगाना में हर जगह कमल खिलेगा।" उन्होंने कहा कि उस शहर में अंधविश्वास को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो सूचना प्रौद्योगिकी के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, "हमें तेलंगाना का विकास करना है, तो अंधविश्वास से दूर रहना होगा।" मोदी ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, "अब तेलंगाना के लोग एक ऐसी सरकार चाहते हैं जो एक परिवार के बजाय तेलंगाना के सभी परिवारों के लिए काम करे।" उन्होंने कहा, "उन्हें भाजपा की सरकार चाहिए।" लालकिले की प्राचीर से दिये गये अपने भाषण को याद करते हुए, जिसमें उन्होंने परिवारवादी राजनीति के खिलाफ बात की थी, मोदी ने कहा कि देश तेलंगाना में भ्रष्टाचार और परिवारवादी राजनीति के खिलाफ लोगों के गुस्से को देख रहा है। उन्होंने कहा, "मैं आज तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त करता हूं। गरीबों को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।" उन्होंने कहा कि कुछ लोग खुद को कार्रवाई से बचाने और भ्रष्टों का गठबंधन बनाने के लिए एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन तेलंगाना और देश के लोग इसे देख रहे हैं और समझ रहे हैं कि क्या हो रहा है। मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार और परिवारवादी राजनीति गरीबों और विकास की सबसे बड़ी दुश्मन है और भाजपा उनके खिलाफ लड़ रही है। उन्होंने मुफ्त राशन और मुफ्त टीकाकरण अभियान सहित सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार ने गरीबों के लिए दो 'बेडरूम' का घर बनाने की बात की थी, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण नहीं होने दिया। उन्होंने कहा, "आज तेलंगाना प्रगति और तरक्की चाहता है, जो केवल भाजपा दे सकती है।" चंद्रशेखर राव ने बेगमपेट हवाई अड्डे पर प्रध ाानमंत्री की अगवानी नहीं की। सत्तारूढ़ टीआरएस की विध ाानपरिषद सदस्य के. कविता ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री तेलंगाना के लिए कुछ भी ठोस घोषणा किए बिना खाली हाथ आए हैं। चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने कहा, "आज प्रधानमंत्री मोदी हमारे राज्य में आए। वह खाली हाथ आए। खोखली बातें करने के अलावा, उन्होंने हमारे लिए कुछ भी अच्छा नहीं किया।प्रतिद्वंद्वियों के पास ऐसे शब्दों के अलावा और कुछ नहीं बचा है।

# राष्ट्रपति के खिलाफ टिप्पणी : स्मृति ईरानी ने साधा ममता पर निशाना

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ कथित आपत्तिजनक बयान देखकर पश्चिम बंगाल के मंत्री अखिल गिरी लगातार आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। इतना ही नहीं, तृणमुल कांग्रेस पर भाजपा जबरदस्त तरीके से हमलावर है। इन सबके बीच केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधा है और साफ तौर पर पूछा है कि देखना होगा कि आखिर अखिल गिरी को ममता बनर्जी कब बर्खास्त करती हैं। अपने बयान में स्मृति ईरानी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री राष्ट्रपति मुर्मू के खिलाफ टीएमसी मंत्री अखिल गिरि की टिप्पणी पर कुछ नहीं बोल रही हैं। हम उस मंत्री की बात नहीं सुनना चाहते, हम जानना चाहते हैं कि ममता जी कब अखिल गिरि को पार्टी से हटाती हैं। दूसरी ओर भाजपा के सांसद लकेट चटर्जी ने अखिल गिरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया है। बीजेपी सांसद लकेट चटर्जी ने नंदीग्राम में डब्ल्यूबी मिनिस्टर और टीएमसी नेता अखिल गिरि द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुमरू पर अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ नर्थ एवेन्यू पीएस में शिकायत दर्ज कराई है। चटर्जी ने आईपीसी और एससी–एसटी



अधिनियम की धाराओं के तहत गिरि के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को बयान देना चाहिए। अखिल गिरि उनकी सरकार में मंत्री हैं, उन्हें उन्हें तुरंत बर्खास्त करना चाहिए, उन्हें दिल्ली आकर माफी मांगनी चाहिए। एससी–एसटी समुदाय पर सार्वजनिक रूप से बहुत कुछ कह सकते हैं लेकिन यह उनके मंत्रियों की वास्तविक भावना है। ओडिशा से आने वाले केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रध ाान ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रधान ने ट्विटर पर गिरि की अलोचना करने के दौरान बनर्जी को भी ट्वीट टैग किया। प्रधान ने ट्वीट किया, " यदि आप की पार्टी का एक सदस्य आपकी कैबिनेट में रहते हुए देश की प्रथम नागरिक और एक महिला का अपमान करता है, तो आपको मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अखिल गिरि का मंत्री पद पर बने रहना देश की सभी महिलाओं का अपमान है।" बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने द्रौपदी मुर्मू के बारे में पश्चिम बंगाल के मंत्री की असंसदीय टिप्पणी की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि किसी को भी राष्ट्रपति पर इस तरह की टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

# तूल पकड़ता जा रहा है हैदराबाद के हॉस्टल में छात्र को पीटने का मामला

हैदराबाद। हैदराबाद के शंकरपल्ली में एक बिजनेस स्कूल में एक छात्र के पिटाई का वीडियो सामने आया। जिसके बाद से स्कूल प्रशासन में पूरी तरीके से हड़कंप मच गया। वीडियो में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि कुछ छात्र हस्टल के अंदर एक छात्र की पिटाई कर रहे हैं। इतना ही नहीं, वहां एक धर्म विशेष के पक्ष में नारे लगाने के लिए भी फोर्स किया जा रहा है। आरोपियों की ओर से इस घटना का वीडियो बनाया गया है और उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। जिसके बाद मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। फिलहाल पुलिस हरकत में आ गई है और कलेज के १० छात्रों पर एफआईआर करके पांच को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। रैगिंग, मारपीट और छात्र को प्रताड़ित करने के मामले में कलेज में आरोपी छात्रों को संस्थान से निलंबित भी कर दिया है। पीड़ित छात्र हिमांक बंसल की ओर से ११ नवंबर को शिकायत भी दर्ज कराई गई है जिसमें दावा किया गया है कि कलेज परिसर के हस्टल में १५ से २० लड़कों ने उसके साथ मारपीट की थी। उसे धक्का दिया था, घूंसे–थप्पड़ मारे थे, कपड़े फाड़ने की कोशिश की थी, केमिकल पाउडर खाने को मजबूर किया था। इतना ही नहीं, इतना ही नहीं उससे मरने तक मारो के नारे लगाकर पीटा गया था। इतना ही नहीं, बंसल ने यह भी आरोप लगाया है कि लड़कों ने परिषर से बाहर दिखाई पड़ने पर पीटने की धमकी दी थी। हालांकि, अब पूरा मामला धर्म से जुड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हिमांक ने कहा है कि मेरे साथ क्यों मारपीट की गई, यह पूछने पर उन्होंने कहा कि मैंने गलती से पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कुछ विवादित टिप्पणी कर दी है। हिमांक ने कहा था कि मुझे एहसास हुआ कि बीए–एलएलबी फर्स्ट ईयर की छात्रा से बातचीत के दौरान गलती से मैंने कुछ कह दिया था जो मुझे नहीं कहना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा कि मेरी निजी बातचीत को सार्वजनिक किया गया जिससे कि मेरी जिंदगी में आया है। हालांकि, भाजपा नेता विष्णु वर्धन रेड्डी ने एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि "हैदराबाद में पढ़ने वाले हिमांक बंसल पर दूसरे धर्म के वरिष्ठ छात्रों ने हमला किया और परिसर में "अल्लाह हू अकबर" का नारे लगाने के लिए मजबूर किया। "असदुद्दीन ओवैसी के हैदराबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है लेकिन उसके द्वारा अभी तक एक भी शब्द नहीं! साथ ही कोई मीडिया इस मामले की रिपोर्टिंग नहीं कर रहा है।

## गुजरात के चुनावी रण में उतरेंगे राहुल गांधी, २२ नवंबर को करेंगे कांग्रेस के लिए प्रचार, भाजपा ने पूछा था सवाल

नई दिल्ली। देश के २ राज्यों में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज है। हालांकि, हिमाचल प्रदेश में शनिवार को वोटिंग के बाद नतीजों का इंतजार हो रहा है। तो वहीं गुजरात में चुनावी मौसम में अब रोज नए नए कलेवर देखने को मिल रहे हैं। इन सबके बीच बड़ी खबर यह है कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा को छोड़कर २२ नवंबर को गुजरात में चुनाव प्रचार करेंगे। दरअसल, राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त हैं। यही कारण रहा कि वह हिमाचल प्रदेश चुनाव प्रचार से भी दूर रहे। लेकिन खबर यह है कि गुजरात में राहुल गांधी चुनाव प्रचार करेंगे और इसकी शुरुआत वह २२ नवंबर को करेंगे। राहुल गांधी के अलावा प्रियंका गांधी भी चुनाव प्रचार करेंगी। हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार से दूर रहने पर भाजपा जबरदस्त तरीके से कांग्रेस पर हमलावर थी। भाजपा का दावा था कि कांग्रेस को पता है कि नतीजे क्या होंगे, हार का ठीकरा नए अध



यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर फोड़ना है इसलिए राहुल गांधी चुनाव प्रचार के लिए नहीं आ रहे हैं। हालांकि, अब जो खबर आ रही है उसके मुताबिक राहुल गांधी २२ नवंबर को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा खबर यह भी है कि सोनिया गांधी १५ नवंबर के बाद गुजरात में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए जा सकती हैं। कांग्रेस ने गुजरात में चुनाव प्रचार को लेकर १ मेगा प्लान तैयार किया है। इसमें १५ दिनों में कुल २५ रैली का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस के मुताबिक के सोनिया गांधी और राहुल गांधी चुनाव प्रचार के लिए पहुंचेंगे। फिलहाल राहुल गांधी इन दिनों महाराष्ट्र में हैं। वह भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री राजस्थान अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रियंका गांधी सहित कई बड़े नेता गुजरात में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

## मासूम बेटी को लेकर चलती ट्रेन से कूदा युवक

वाराणसी। वाराणसी के मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के बहेड़वा हाल्ट के समीप रविवार को चलती ट्रेन से एक युवक अपनी मासूम बेटी को लेकर रेल पटरी पर कूद गया। घटना में पिता–पुत्री की मौत हो गई। अचानक घटना से सदमे में आई साथ चल रही पत्नी ने चेन पुलिंग



कर ट्रेन रुकवाई। तब तक यात्रियों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मूल रूप से बिहार दरभंगा के भवानीपुर थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव निवासी हीरा (३२) नई दिल्ली में रह कर कोई काम करता था। नई दिल्ली से पत्नी जरीना बेटी रोजी (३) को लेकर हीरा स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस से दरभंगा घर लौट रहा था। रविवार को ट्रेन वाराणसी मिर्जामुराद के बहेड़वा हाल्ट के पास जैसे ही पहुंची अचानक अपनी सीट से बेटी को लेकर हीरा ने चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। यह देख पास बैठे यात्रियों ने शोर मचाया तो नींद की झपकी से उठी जरीना ने सहयात्रियों की मदद से चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवाई। इसके बाद ट्रेन से उतर कर नीचे उतर कर देखा तो मासूम रोजी की मौत हो चुकी थी। घायल हीरा भी अन्तिम सांसें गिन रहा था। उसके रोने–बिलखने पर सह यात्रियों ने पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने बाप–बेटी को बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के कारण लगभग ४५ मिनट तक ट्रेन बहेड़वा गांव के पास रुकी रही। इसके बाद गंतव्य की ओर रवाना हुई। मिर्जामुराद पुलिस ने बताया कि प्रथम ष्टया मामला पारिवारिक कलह का लग रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है । परिजनों को घटना से अवगत करा दिया गया है।

## मदरसा में नौकरी देने के नाम पर १७ लाख की ठगी

लखनऊ। मदरसा में नौकरी देने के नाम पर १७ लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि संचालक ने नौकरी देने का दावा करते हुए ठगी की है। सिद्धार्थनगर निवासी मोहम्मद इस्माइल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जवाहर भवन में उनकी मुलाकात मोहम्मद मुहरिन खान से हुई थी। जो सिद्धार्थनगर में मदरसा अरबिया हश्मतिया मेराजुल उलूम का प्रबंधक होने का दावा करता था। मुहरिन ने उसे अपने मदरसे में नौकरी देने का झांसा देते हुए १७ लाख रुपये लिए। लेकिन, नियुक्ति पत्र नहीं दिया। इस्माइल ने आरोपी से रुपये लौटाने के लिए कहा तो जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने हजरतगंज कोतवाली में तहरीर दी थी। सुनवाई नहीं होने पर न्यायालय में अर्जी दायर की। जहां से आदेश के बाद इस्माइल की तहरीर पर मोहम्मद मुहरिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अद्भुत द्वारः नरक का द्वार

**अमरेन्द्र सहाय अमर**


साइबेरिया में याना नदी घाटी के पास जंगलों में जमीन में एक बहुत बड़ा गड्ढा है. इसे बाटागिका क्रेटर के नाम से जाना जाता है. यह करीब एक किलोमीटर लंबा, ८५ मीटर चौड़ा और २८२ फुट गहरा है. हालांकि यह आंकड़ा जल्द ही बदल भी सकता है क्योंकि यह तेजी से बढ़ रहा है. कुछ स्थानीय लोग यहां जाने से बचते हैं. वो इसे नर्क का द्वार की संज्ञा देते हैं लेकिन वैज्ञानिक इसे अतीत में जाने की खिड़की बता रहे हैं.. वैज्ञानिकों का कहना है यहाँ पृथ्वी के दो लाख साल का विस्तृत इतिहास छिपा है, जिसे खोजनी की जरुरत है. किसी विशालकाय जानवर की तरह इसका सिर ही पहले नजर आता है. बाटागिका क्रेटर नाटकीय तौर पर सामने आया. माना जा रहा है कि यह गड्ढा वहां स्थाई रूप से जमी हुई बर्फ के पिघलने के बाद नजर आना शुरू हुआ. मनी के अल्फ्रेड वेगनर इंस्टीट्यूट के फ्रैंक गुंटर और उनके साथियों के अध्ययन के मुताबिक इस बाटागिका क्रेटर की दीवार हर साल औसतन १० मीटर बढ़ रही है.लोग कहते हैं जिस साल तापमान बहुत अधिक होता है, उस साल यह ३० मीटर तक बढ़ जाती है. गुंटर और उनके साथियों ने इस जगह का करीब एक दशक तक अध्ययन किया है. यह गड्ढा एक ही समय में भूत, भविष्य और वर्तमान के बारे में जानने का अवसर देता है. यहां नजर आई गड्ढे के परतों से यह पता चला है कि दो लाख साल पहले इस इलाकढे का वातावरण कैसा था. पेड़ों के अवशेष, पराग और जानवरों के अवशेषों से पता चलता है कि एक समय यह इलाका एक घना जंगल रहा होगा. यहां की भूगर्भीय जानकारी हमें यह समझने में मदद कर सकती है कि भविष्य में यह इलाका ग्लोबल वर्मिंग को किस रूप में लेगा. इस गड्ढे में हो रहा विकास इस बात का संकेत है कि स्थाई रूप से जमी हुई बर्फ पर जलवायु परिवर्तन का क्या प्रभाव पड़ रहा ह. इंग्लैंड के ससेक्स विश्वविद्यालय के प्रेमाफ्रोस्ट साइंस के प्रोफेसर जुलियन मुर्टन कहते हैं, ''इस गड्ढे के सामने आने की प्रक्रिया की शुरुआत १६६० के दशक में हुई.' इस इलाके में बड़े पैमाने पर जंगलों का कटान हुआ. इसका मतलब यह हुआ कि गर्मी के दिनों में इस इलाके में पेड़ों की छाया नहीं रही. सूर्य की रोशनी ने पेड़–पौधों की गैर मौजूदगी में इस इलाके को गर्म कर दिया. मुर्टन कहते हैं, कम छाया और नमी के इस गठजोड़ ने सतह पर गर्मी बढ़ाने में मदद की. जमी हुई जमीन के पिघलने से हमें यहां भविष्य में केवल गड्ढे ही नहीं बल्कि झरने और झीलें भी दिखाई देंगी. वैज्ञानिक अभी भी गाद का विश्लेषण कर इस गड्ढे के बनने के कालक्रम के बारे में पता लगा रहे हैं. यह पता करना इसलिए भी जरूरी है कि साइबेरिया का जलवायु इतिहास अभी भी एक रहस्य बना हुआ है. अतीत में हुए जलवायु परिवर्तन का पुनर्निर्माण कर वैज्ञानिक भविष्य में होने वाली उसी तरह के परिवर्तन की उम्मीद जता रहे हैं।






# राजीव के हत्यारों को रिहा करना चिंतनीय : एसएन ढींगरा

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे छह दोषियों की समय पूर्व रिहाई के उच्चतम न्यायालय के आदेश को लेकर बहस छिड़ी है, क्या ऐसे अपराधों और हाई–प्रोफाइल मामलों में नरमी बरती जानी चाहिए। इस फैसले के संवैधानिक, कानूनी, और भविष्य के फैसलों पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एस.एन. ढींगरा की राय। जवाबरू राजीव गांधी के हत्यारों को समय से पहले रिहा करने का आदेश निश्चित तौर पर चिंतनीय है। मेरी राय में हाल के वर्षों में उच्चतर न्यायपालिका, खासकर शीर्ष अदालत, के फैसले का पैमाना अपराध की गंभीरता न होकर न्यायाधीशों की सोच और ष्टिकोण पर आधारित हो चुका है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाध ीश इन दिनों अपने फैसले व्यक्तिगत रुख के आधार पर देते हैं, जो भविष्य के लिए नजीर बन जाते हैं। एक जैसे मामले में अलग–अलग पीठ के फैसले भिन्न–भिन्न ष्टिकोण की वजह से अलग–अलग होने लगे हैं, इसलिए कानून–आधारित ष्टांत स्थापित नहीं हो पा रहे हैं। उच्चतर न्यायपालिका के फैसले भविष्य के लिए नजीर बनते हैं, इसलिए यह जरूरी है कि ये फैसले किसी न्यायाधीश के ष्टिकोण और सोच पर आधारित होने के बजाय, स्थापित कानून पर आधारित हों। मामले में शीर्ष अदालत ने संविध ाान के अनुच्छेद १४२ के तहत प्रदत्त विशेष विवेकाधीन शक्तियों



का इस्तेमाल किया है, लेकिन सवाल उठता है कि विवेकाधीन शक्तियों का इस्तेमाल उन मामलों में क्यों, जहां पहले से ही कानून मौजूद हैं। मेरी राय में ऐसी शक्तियों का इस्तेमाल उन मामलों में किया जाना चाहिए जहां कानून स्पष्ट नहीं है या मौजूदा कानून से न्याय प्रभावित हो रहा हो। पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के दो दोषियों को मृत्युदंड दिया गया था, जिनकी सजा को शीर्ष अदालत के पांच न्यायाधीशों की पीठ ने आजीवन कारावास में तब्दील कर दिया था, ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर एक ही अदालत की संविधान पीठों के फैसलों के बीच एकरूपता क्यों नहीं है। निश्चित तौर पर इस तरह के फैसले भविष्य में नजीर बनेंगे और कानून और फैसलों में एकरूपता की कमी का फायदा उठाकर अपराधी बाहर आएंगे। इससे अदालत के समक्ष समस्याएं तो बढ़ेंगी ही, अपराधियों का मनोबल भी बढ़ेगा। मेरा सुविचारित मत है कि ऐसी खामियों को दूर करने के लिए न्यायाधीशों को उनकी कानूनी शिक्षा और पेशागत पृष्ठभूमि के आधार पर भिन्न–भिन्न पीठों में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि मुकदमों की प्रेंति के आधार पर एक विशिष्ट पीठ हो, जिससे उनके फैसले एकरूप हो सकें। अभी हो यह रहा है कि पीठों का गठन न्यायाधीशों की विशिष्टता के आधार पर नहीं होता है। पीठों के गठन का अधिकार भले ही सीजेआई के पास मौजूद है, लेकिन मुकदमों की प्रेंति को नजरंदाज करके मिश्रित पीठों का गठन उचित नहीं है। हो यह रहा है कि भले ही एक प्रेंति के मुकदमे क्यों न हों, लेकिन जरूरी नहीं कि वे मुकदमे विशिष्ट पृष्ठभूमि वाले न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष लगे। इसपर विचार करने की नितांत आवश्यकता है।

# पाक का बोर्डर पर नापाक गतिविधि, ड्रोन घटनाओं में दोगुना इजाफा


नई दिल्ली। पश्चिमी मोर्चे पर पाकिस्तान से लगी सीमा के पार से ड्रोन भेजे जाने के मामलों में भारी वृद्धि हुई है और साल २०२२ में ड्रोन के जरिए मादक पदार्थ, हथियार और गोला–बारूद भेजे जाने के मामलों में दोगुना इजाफा हुआ है। सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक पंकज कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। बीएसएफ महानिदेशक ने कहा कि बल ने दिल्ली में एक शिविर में ड्रोन का अध्ययन करने के लिए हाल ही में एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला स्थापित की है और इसके परिणाम बहुत उत्साहजनक रहे हैं। उन्होंने शनिवार को कहा कि सुरक्षा एजेंसियां सीमा पार से ड्रोन उड़ाने के रास्तों और इस अवैध गतिविधि ा में शामिल लोगों के ठिकानों पर भी नजर रख सकती हैं। उन्होंने कहा, बीएसएफ काफी समय से ड्रोन खतरे का सामना कर रहा है, नापाक मंसूबों वाले लोग नए–नए तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। अलग–अलग तरह के ड्रोन के इस्तेमाल से हमारे लिए समस्याएं पैदा हो रही हैं, क्योंकि इनके बारे में कम जानकारी उपलब्ध है और ये तेजी से उड़ान भरते हुए सीमा को पार कर जाते हैं। डीजी ने यह बात केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को जानकारी देते हुए कही, जो एक वेबिनार सत्र के माध्यम से फोरेंसिक लैब का उद्घाटन करने के लिए एक कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। ड्रोन के खतरे के बारे में बताते हुए डीजी ने कहा कि बीएसएफ ने २०२० में भारत–



पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन उड़ाए जाने की ७६ घटनाओं के बारे में पता लगाया था। पिछले साल इनकी तादाद १०६ रही और इस साल यह दोगुनी से अधिक रफ्तार से बढ़कर २६६ हो गई। सिंह ने कहा, ड्रोन के उड़ान भरने के सबसे अधिक २१५ मामले पंजाब में सामने आए हैंजम्मू में करीब २२ मामले सामने आए। उन्होंने कहा, समस्या गंभीर है। हमारे पास अभी तक कोई पुख्ता समाधान नहीं है। वे (ड्रोन) मादक पदार्थ, हथियार और गोला–बारूद, जाली मुद्रा आदि लाते हैं।

# मंजू और शिवराज ने मैराथन में मारी बाजी

लखनऊ। महिला वर्ग में मंजू रानी और पुरुष वर्ग में शिवराज ने सभी को पीछे छोड़कर मैराथन में खिताबी जीत दर्ज की। रविवार को अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम मेंआयोजित की गई हफ मैराथन में पूजा निषाद और रवि कुमार चौंपियन बने। वहीं १० किमी की दौड़ में इस्लाम अली और डिंपल सिंह विजेता बनी। सुबह इकाना स्टेडियम से शुरू हुई 'द रन' मैराथन दौड़ में १५०० से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने हिस्सा लिया। इनके साथ ही बालक–बालिकाओं और बच्चों ने विभिन्न आयु वर्ग के लिए आयोजित की गई दौड़ में हिस्सा लिया। लोगों को फिटनेस का संदेश देने के लिए ४२ किलोमीटर, २१ किलोमीटर, १० किलोमीटर और ५ किलोमीटर दौड़ आयोजित की गई थी। इसमें समय निकालने के लिए टाइमिंग चिप का इस्तेमाल किया गया। दौड़ का फ्लैग अफ जीएसटी आयुक्त एस मिनिस्ठी ने किया। इस मौके पर यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, कस्टम कमिश्नर आरती सक्सेना, एसएसबी के आईजी संजय रतन सहित कई लोग मौजूद रहे। अगले साल यह दौड़ 'इकाना द रन' नाम से आयोजित की जाएगी। इस दौड़ का लोगों का अनावरण मैराथन से इकाना स्टेडियम पर प्रबंध निदेशक उदय सिंहा ने किया। ४२ किलोमीटर मैराथन महिला। प्रथम– मंजू रानी, द्वितीय– बलबिन्दर कौर, तृतीय– मेजर डा. फराह, ४२ किलोमीटर मैराथन पुरुष. .प्रथम– शिवराज, द्वितीय– मनोहर निषाद, तृतीय– अमन वर्मा, २१ किलोमीटर हाफ मैराथन पुरुष, प्रथम– रवि कुमार पाल, द्वितीय– राजेंद्र लोधी, तृतीय– राजेश कुमार सिंह तोमर।, २१ किलोमीटर हाफ मैराथन महिला, प्रथम– पूजा निषाद, द्वितीय– रचना जोशी, तृतीय– प्रेमलता गुप्ता।, १० किलोमीटर ओपन महिला।, प्रथम– डिम्पल सिंह, द्वितीय– नीरू मित्तल, तृतीय– फहीमा हसन, १० किलोमीटर ओपन पुरुष, प्रथम– इस्लाम अली, द्वितीय– ब्रजेश कुमार, तृतीय– सरवन कुमार, ०५ किलोमीटर पुरुष, प्रथम– शाहरुख खान, द्वितीय– गौरव यादव, तृतीय– अनुपम यादव, ०५ किलोमीटर महिला, प्रथम– आएसी पाल, द्वितीय– रंजीता मिनी, तृतीय– तेस्विनी जोशी।



# नकली खाद फैक्ट्री का भंडाफोड़

लखीमपुर खीरी। जिले के राजापुर औद्योगिक क्षेत्र में सूक्ष्म पोषक तत्व बनाने वाली एक निजी फैक्ट्री को लाइसेंस का उल्लंघन कर नकली रासायनिक उर्वरक (खाद) बनाते हुए पाया गया है। एक वरिष्ठ अधि ाकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के आदेश पर राजापुर औद्योगिक क्षेत्र में सूक्ष्म पोषक तत्वों के निर्माण के लिए लाइसेंस प्राप्त निजी फैक्ट्री 'गोविन्द इन्डस्ट्रीज' पर शुक्रवार की दोपहर छापेमारी की गयी। अधि ाकारी ने बताया कि फैक्ट्री के मालिक लाइसेंस का उल्लंघन कर नकली रासायनिक उर्वरकों का निर्माण करते पाए गए। जिले के राजापुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित गोविंद इंडस्ट्रीज के परिसरों में शुक्रवार को छापेमारी करने वाली टीम में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) लखीमपुर श्रद्धा सिंह, पुलिस उपाध ीक्षक संदीप सिंह और जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) अरविंद कुमार चौधरी शामिल थे, जिन्होंने पैकिंग और सिलाई मशीन, कृभको, इफको, पारस आदि के ब्रांड नाम वाले ताजा खाली बोरे बरामद किए। जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) अरविंद कुमार चौधरी ने कहा, गोविंद इंडस्ट्रीज को केवल सूक्ष्म पोषक तत्वों के निर्माण के लिए लाइसेंस दिया गया था, न कि रासायनिक उर्वरकों को बेचने के लिए। चौधरी ने कहा, इसके गोदाम से रासायनिक उर्वरकों की बरामदगी लाइसेंस के शर्तों का उल्लंघन है और उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि खाद की अनलोडिंग और पैकिंग में लगे कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। हालांकि, फैक्ट्री के मालिक ऋतिक गुप्ता को पकड़ा नहीं जा सका है। प्रतिष्ठित कंपनियों, पैकिंग सामग्री, रैपर और सिलाई मशीनों के नाम वाले खाली बैग की बरामदगी से संकेत मिलता है कि लाइसेंसधारक नकली रासायनिक उर्वरकों के निर्माण और उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों के ब्रांड नाम के तहत बेचने में लगा हुआ था। जिलाधिकारी (डीएम) महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि फैक्ट्री उर्वरक नियंत्रण आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम का उल्लंघन कर रही है और मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम, डीएसपी और जिला कृषि अधिकारी को फैक्ट्री के औचक निरीक्षण के लिए भेजा गया था। डीएम ने कहा कि फैक्ट्री के दरवाजे पर एक नोटिस चिपकाया गया था जिसमें २१ अक्टूबर से २० नवंबर तक फैक्ट्री बंद करने की सूचना दी गयी थी। उन्होंने कहा, हालांकि, जब छापेमारी करने वाली टीम परिसर में दाखिल हुई, तो कई लोग डीएपी और पोटाश उर्वरकों की पैकिंग में लगे हुए पाए गए। उन्होंने कहा, अधिकारियों ने वहां भारी मात्रा में डीएपी, एनपीके, यूरिया, सिंगल सुपर फस्फेट, विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांडों के बोरो के अलावा रेत, नमक आदि बरामद किया। उन्होंने कहा, इस संबंध में गहन जांच शुरू की गई थी और बरामद उर्वरकों के नमूने आगे के प्रयोगशाला विश्लेषण के लिए भेजे गए हैं।

# गाजियाबाद में बिहार के युवक की हत्या

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में एक शख्स का उसके घर से शव बरामद किया गया है। उसकी हत्या गला रेत कर की गई है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इराज राजा ने बताया कि मृतक की पहचान अयाज (३५) के रूप में की गई है जो बिहार के सीतामढ़ी का मूल निवासी है, लेकिन ट्रॉनिका सिटी थाना अंतर्गत खुशहाल कॉलोनी में २००५ से अपनी पत्नी सजरा और तीन बच्चों के साथ रहता था। उन्होंने बताया, शुक्रवार की रात अयाज बाहरी कमरे में अकेला सो रहा था, जबकि उसकी पत्नी और तीन बच्चे भीतर के कमरे में सो रहे थे। अयाज की पत्नी सजरा का दावा है कि उसने अपने पति की चीख नहीं सुनी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

# मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के लिए डिंपल यादव सोमवार को करेंगी नामांकन!

लखनऊ। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकती हैं। मैनपुरी के सपा के जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य ने मैनपुरी से बताया, डिंपल यादव सोमवार दोपहर को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव पांच दिसंबर को होगा और परिणाम की घोषणा आठ दिसंबर को की जाएगी। इस उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि १७ नवंबर है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर १९९६ से सपा के उम्मीदवार चुने जाते रहे हैं। दस अक्टूबर को मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद यह सीट खाली हुई। डिंपल यादव २०१९ में कन्नौज से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार सुब्रत पाठक के खिलाफ चुनाव लड़ी थीं और हार गई थीं। वर्ष २०१९ में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी भाजपा के प्रेम सिंह शाक्य से




६४,००० मतों के अंतर से हराकर मैनपुरी सीट से चुनाव जीता था। डिंपल यादव की उम्मीदवारी को उनके ससुर मुलायम सिंह यादव की विरासत को आगे बढ़ाने के तौर पर देखा जा रहा है। साथ ही उम्मीदवार के तौर पर डिंपल का चयन पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का प्रयास है। अखिलेश की करहल विधानसभा सीट, मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है और इसी तरह जसवंत नगर सीट से शिवपाल यादव प्रतिनिधित्व करते हैं। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने और विधान परिषद में जाने के लिए कन्नौज लोकसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद २०१२ में डिंपल यादव इस सीट से निर्विरोध चुन ली गई थीं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में कुल १२.१३ लाख मतदाताओं में करीब ३५ प्रतिशत यादव हैं, जबकि अन्य मतदाताओं में शाक्य, ठाकुर, ब्राह्मण, अनुसूचित जाति और मुस्लिम शामिल हैं। मैनपुरी विधानसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिनमें मैनपुरी, भोगांव, किशनी, करहल और जसवंत नगर शामिल हैं। २०२२ के विधानसभा चुनावों में जहां सपा ने तीन सीटें– करहल, किशनी और जसवंत नगर जीती थीं, वहीं भाजपा ने दो सीटों– मैनपुरी और भोगांव पर जीत हासिल की थी।

## अवैध कब्जे की शिकायत पर पहुंचे एलडीए वीसी

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी आज ऐशबाग पहुंचे। उन्हें वहां झील को पाटकर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत मिली थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ऐशबाग स्थित जमुना झील को पाट कर कुछ लोग उस पर कब्जा करना चाहते है। इसको लेकर वीसी पूरी टीम के साथ मौके पर गए थे। दौरे के बाद वीसी ने बताया कि जमुना झील व मोतीझील की सफाई व सौंदर्यीकरण का काम जल्द शुरू होगा। वीसी ने झील की सफाई मशीनें लगाकर करवाने के साथ ही झील के पानी की सफाई आधुनिक तकनीक से कराई जाए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह दोनों कार्य पूरी प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द शुरू करवाएं। उपाध्यक्ष ने झील से सटे पार्क के को विकसित कर राजस्व आय बढ़ने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा उपाध्यक्ष से अवैध कब्जे के सम्बंध में शिकायत की गई। लोगों ने बताया कि कुछ भू–माफिया झील में कूड़ा व मलबा पाटकर कब्जा कर रहे हैं। इस पर डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने नजूल अधिकारी को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

## शहनाई बजने का मामला देख मलाइका ने किया शादी से इनकार!

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने उन सभी खबरों पर विराम लगाते हुए अपने फैंस का दिल तोड़ दिया है। जिसमें कहा जा रहा था कि, बॉलीवुड की छैया–छैया गर्ल मलाइका एक्टर अर्जुन कपूर की दुल्हनिया बनने जा रही हैं। मलाइका के इस शादी से ना करते ही उन्हें मिल रही बधाईयों का सिलसिला भी खत्म हो गया। इसी बीच मलाइका ने अपने सोशल अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए तहलका मचा दिया। मलाइका ने अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी, जिसमें वह शरमाते हुए मुस्कुरा रही हैं और उसके कैप्शन में लिखा हुआ था 'येस' "मैंने हां कह दिया"। बस फिर क्या था। फैंस से समझ लिया कुछ और।



मलाइका के इस पोस्ट से लोगों को लगा कि, एक्ट्रेस ने शादी के लिए अर्जुन कपूर को हां कह दिया है। फिर शुरू हो गया शादी की अफवाहों का दौर और मिलने लगी बधाईयां। दरअसल, सोशल मीडिया पर अपनी हॉटनेस और फिटनेस का जलवा बिखेरने वाली बॉलीवुड की हॉटेस्ट स्टार मलाइका अरोड़ा अपने से १२ साल छोटे एक्टर अर्जुन कपूर के साथ संबंधों को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। ये दोनों ही सोशल मीडिया के जरिए अक्सर अपने प्यार का इजहार भी करते दिखाई देते हैं। ऐसे में इनके फैंस भी इनकी शादी को लेकर काफी एक्साइट है।

## 43 साल की उम्र में एक्ट्रेस बिपाशा बसु बनीं मां

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री बिपाशा बसु और अभिनेता करण सिंह ग्रोवर शनिवार को एक बच्ची के माता–पिता बने। अभिनेता के एक करीबी ने बच्ची के जन्म की जानकारी दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिपाशा ने ४३ साल की उम्र में एक बेटी को जन्म दिया है। बिपाशा और करण के बच्चे के जन्म की खबर सामने आते ही बधाई का तातां लग गया है। २०१६ में शादी करने वाले इस जोड़े ने अगस्त में गर्भावस्था की सूचना साझा की थी। ग्रोवर (४०) और बसु (४३) ने २०१५ की फिल्म 'अलोन' में एक साथ काम किया था। वे हाल ही में वेब सीरीज 'डेंजरस' में नजर आए थे। बसु को श्राजश्, 'जिस्म', 'कॉरपोरेट', 'रेस' और 'बचना–ए–हसीनों' जैसी फिल्मों में उनके प्रदर्शन के लिए जाना जाता है, जबकि लोकप्रिय टीवी स्टार ग्रोवर ने 'दिल मिल गए' और 'कुबूल है' शो में अभिनय किया है।

# दूसरे दिन भी चला 'ऊंचाई' का जादू

मुंबई। नवंबर के इस महीने में बलीवुड की कई फिल्में रिलीज हुई हैं, लेकिन फिल्मों से दर्शकों का दिल जीतना और बक्स अफिस पर धमाका करना भी मुश्किल रहा है। वहीं पिछले शुक्रवार को अमिताभ बच्चन–अनुपम खेर–बोमन ईरानी की हाइट रिलीज होने के साथ ही ऐसा हुआ जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। महज ५०० स्क्रीन्स पर रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। मशहूर निर्देशक सूरज बड़जात्या की इस फिल्म को लोग खूब पसंद कर रहे हैं और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। ११ नवंबर को रिलीज हुई फिल्म श्ऊंचाईश् बक्स अफिस पर अच्छा बिजनेस कर रही है। फिल्म देखने के लिए पहले दिन अच्छी संख्या में दर्शक सिनेमा हल पहुंचे, जिससे साफ समझा जा सकता है कि लोग फिल्म को पसंद कर रहे हैं। सिनेमाघरों में 'ऊंचाई' वाले शो में दर्शकों की संख्या २५ फीसदी तक



थी। फिल्म ने पहले दिन १.८१ करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं दूसरे दिन का कलेक्शन पहले दिन के मुकाबले दोगुना से भी ज्यादा हो सकता है। यानी दो दिन बाद फिल्म का कलेक्शन ५.५० करोड़ रुपये के करीब है। सोशल मीडिया पर 'ऊंचाई' की तारीफ करने वाले पोस्ट देखकर आसानी से समझा जा सकता है कि जनता के पास परिवार के साथ थिएटर जाने के लिए एक अच्छी फिल्म है। 'ऊंचाई' ३ उम्रदराज दोस्तों की कहानी है जो अपने चौथे साथी की अंतिम इच्छा को पूरा करने के लिए एवरेस्ट बेस कैंप की यात्रा करते हैं। लेकिन उनमें से एक इस दुनिया को अलविदा कह देता है, फिर बाकी तीन दोस्त उसका सपना पूरा करने लगते हैं, लेकिन ये सभी दोस्त हैं। बुजुर्ग हैं। युवाओं के लिए एवरेस्ट बेस कैंप तक जाना आसान काम नहीं है। तो ये बुजुर्ग यह काम कैसे कर सकते हैं? यह जानने के लिए आपको यह फिल्म देखनी होगी। दोस्ती की कहानी पर बनी इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के अलावा नीना गुप्ता, सारिका और परिणीति चोपड़ा भी हैं। फिल्म 'ऊंचाई' को सूरज बड़जात्या ने लिखा है और खुद ही फिल्म का निर्देशन भी किया है।

**हमारे अन्य प्रतिनिधि**

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली

विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक